संक्षिप्त खबरें

यूटीयू में एथलेटिक्स मीट आज

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में आज से दो दिवसीय प्रथम एथलेटिक्स मीट एवं टैक्नो कलचरल फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। विवि के खेल परिसर में होने वाले एथलेटिक्स मीट और टैक्नो कल्चरल फेस्टिवल का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार करेंगे। प्रथम सत्र में विवि के सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं 100 मीटर, 200 मीटर एवं रिले रेस, लांग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक भाला फेंक, डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। द्वितीय सत्र में शाम को तकनीकी और सांस्कृतिक उत्सव की शुरूआत होगी जिसमें दून विवि की कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। मिस्टर व मिस यूटीयू सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण होंगे। चार अप्रैल दोपहर पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में तकनीकी शिक्ष मंत्री सुबोध उनियाल और विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर शामिल होंगे।